## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2024) दिनांक : 18.12.2024

समय सीमा : 3 घंटा चतुर्थ वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

## आचार्य कालूगणी–35

प्र. 1 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 5

(क) बड़नगर मर्यादा महोत्सव की प्रार्थना किस-किसने की?

(ख) कालूगणी बिछौने के रूप में बहुधा किसका प्रयोग करते थे?

(ग) 'कालू थांरी कृपा स्यूं, सुधरी लिखे संसार।' इस स्तुति पद्य की रचना कब और किसने की?

(घ) मुनि दीक्षा की पूर्व स्वीकृति किसे माना जाता है और बालक कालू को वह कहां प्राप्त हुई?

(ड़) मुनि जीवराज के मस्से की पीड़ा कैसे शान्त हुई?

(च) कालूगणी को घी खिलाने के लिए माता छोगांजी ने कौन सा नया मार्ग निकाला?

(छ) पंडित रघुनन्दन जी के अनुसार कालूगणी का शरीर किन-किन रोगों से आक्रांत था?

(ज) 'यह खरा आदमी है, ऐसा दूसरा मिल पाना कठिन है।' यह कथन किसने किसके लिए कहा?

प्र. 2 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 10

(क) 'गाय भट्टी में' मुरड़िया जी ने इस कथन का स्पष्टीकरण कैसे किया?

(ख) सहज ही चादर का व्रत निपजाने का अवसर किसे और क्यों प्राप्त हुआ?

(ग) 'आशा तुझ आशा फली' कालूगणी के इस कथन को स्पष्ट करें?

(घ) श्री डूंगरगढ़ निवासी लाभूराम के पौत्र की चक्षु वेदना कैसे शान्त हुई?

(ड़) 'थे तो पुरूष ही।' कालूगणी ने इस कथन का निराकरण कैसे किया?

(च) 'छापर और आंगन।' घटना से संक्षेप स्पष्ट करें कि कालूगणी पानी आने से पहले ही पाल बांध देते थे।

प्र. 3 कोई एक प्रश्न का उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 6

(क) 'आण और आग्रह' घटना प्रसंग लिखें।

(ख) 'उस्सप्पंति का अर्थ' प्रसंग लिखें।

प्र. 4 विभिन्न घटना प्रसंगों से सिद्ध करें कि कालूगणी अनुशासन व्यवस्था तथा व्यवहारगत स्खलनाओं का निराकरण करने में अत्यंत जागरूक थे। 14

***अथवा***

'संस्कृतज्ञ बनोगे तो तुम्हारे लिए आगम रहस्यों के ताले सहज ही खुलते चले जायेंगे।' मघवागणी द्वारा प्रदत्त इस बीज मंत्र को कालूगणी ने वटवृक्ष का रूप किस प्रकार दिया? विस्तारपूर्वक लिखें।

कृ. पृ. प.

## युग प्रधान आचार्य तुलसी–35

प्र. 5 किन्हीं नौ प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 9

(क) बालमुनि तुलसी ने प्रथम बार में कितने किलोमीटर की यात्रा की?

(ख) पंडित नेहरू और आचार्य तुलसी के वार्तालाप का सर्वाधिक आकर्षक बिन्दु क्या था?

(ग) आचार्य तुलसी को 'हमीम खां सूर' सम्मान कब, कहां व किसके द्वारा प्रदान किया गया?

(घ) आचार्य तुलसी द्वारा लिखित योग विद्या का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ कौन सा है?

(ङ) उपासक श्रेणी का प्रारूप किस आधार पर प्रस्तुत किया गया?

(च) 'तेरापंथी साधु-साध्वियों को हम रसोईघर में नहीं आने देंगे।' यह प्रतिक्रिया कहां और किसके द्वारा हुई?

(छ) आचार्य तुलसी और अणुव्रत को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति कब व कैसे प्राप्त हुई?

(ज) धार्मिक होने का अर्थ क्या है?

(झ) सामाजिक क्रान्ति के प्रथम चरण में आचार्य तुलसी ने किसके विरोध में आवाज उठाई?

(ञ) जैन आगमों को सम्पादित करने की सार्वजनिक घोषणा कब व कहां हुई?

प्र. 6 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 5

(क) आचार्य तुलसी के मन में साहित्य और साहित्यकारों के निर्माण की प्रेरणा कब आई?

(ख) 'अशान्त विश्व को शान्ति का संदेश' आलेख कब, कहां और क्यों प्रेषित किया गया?

(ग) धर्मक्रान्ति के पांच सूत्रों में 'प्रायोगिकता' से क्या तात्पपर्य है?

प्र. 7 किसी एक प्रश्न का उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 6

(क) 'संसदीय गतिरोध' की समाप्ति पर प्रकाश डालें।

(ख) जैन विश्व भारती की बहुआयामी गतिविधियों पर प्रकश डालें।

प्र. 8 आचार्य तुलसी द्वारा दिए गए चार उद्घोषों का उल्लेख करें। 15

***अथवा***

'अणुव्रत आन्दोलन' पर लेख लिखें।

## तेरापंथ प्रबोध–9

प्र. 9 कोई तीन पद्य लिखें– 9

(क) 'संता शासन ओ स्वामी जी रो'–गीत वाला पद्य।

(ख) 'जय बोलो मघवा गणिवर री'–गीत वाला पद्य।

(ग) 'तेरापंथ रो भाग्य विधाता'–गीत वाला पद्य।

(घ) 'निहारा तुमको कितनी बार'–गीत वाला पद्य।

(ङ) 'प्रगट्यो एक नयो उद्योत'–गीत वाला पद्य।

## तुलसी प्रबोध–21

प्र. 10 किन्हीं दो पद्यों की सप्रसंग व्याख्या करें– 12

(क) उत्कल फरस..........................................अंगार हो।

(ख) अभिनव..........................................अजमा'र हो।

(ग) श्रुत आराधन..........................................हुंशियार हो।

(घ) दक्षिण री..........................................उदार हो।

प्र. 11 किन्हीं तीन पद्यों को लिखें– 9

(क) मरूधर..........................................यादगार हो।

(ख) सितंतरै..........................................समझार हो।

(ग) दिवान जी..........................................तार हो।

(घ) कम्प्यूटर..........................................जोड़ीदार हो।

(ङ) हरियाणै..........................................हरणार हो।